प्रेस नोट थाना एका दिनांक 08-04-2021 जनपद फिरोजाबाद।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर थाना एका पुलिस टीम द्वारा अवैध/ अपमिश्रित शराब बनाने की फैक्ट्री का भण्डाफोड़ करते हुए 03 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार कब्जे से भारी मात्रा में अवैध शराब, अवैध शराब बनाने के उपकरण व तस्करी में प्रयुक्त एक स्कॉर्पियो(बिना नम्बर) व 03 मोटरसाइकिल बरामद।

- **थाना एका पुलिस को मिली बड़ी सफलता।**
- **त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में खपाने हेतु बनायी जा रही अवैध/ अपमिश्रित शराब का पकड़ा जखीरा साथ ही भारी मात्रा में अवैध शराब बनाने के उपकरण बरामद।**
- **अवैध शराब की तस्करी में प्रयुक्त एक स्कॉर्पियो व 03 मोटरसाइकिल भी मौके से बरामद।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर अवैध/ अपमिश्रित शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी जसराना के नेतृत्व में दिनांक 07.04.2021 को थानाध्यक्ष एका मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर एस0जे0एस0 इण्टर कॉलेज कल्याणगढ़ी थाना एका से अभियुक्तगण 1. रंजीत 2. दीपू को गिरफ्तार कर वाहनों पर लदी एवं जमीन के बेसमेन्ट में छिपा कर रखी गयी, अवैध शराब की पेटियाँ व अवैध शराब की तस्करी में प्रयुक्त 01 स्कॉर्पियो व 03 मोटरसाइकिल बरामद की गयी हैं तथा अभियुक्तों से पूछताछ के आधार पर इनके शराब बनाने के अड्डे ग्राम कोडरा के जंगल में बने ट्यूबेल से एक अन्य अभियुक्त 3. भूरे को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से भारी मात्रा में ENA (375 ली0) , 385 पौआ, 1760 खाली पौआ ढक्कन, रैपर, QR कोड, कैमिकल भरे हुए व खाली ड्रम एवं भारी मात्रा में अवैध शराब बनाने का सामान बरामद किया गया है। मौके से 02 अभियुक्त फरार हो गये। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना एका पर 1-मु0अ0सं0 69/21 धारा 60/63 आब0अधि0 व धारा 419/420/468/471/472 भादवि व मु0अ0सं0 70/21 धारा 60/63 आब0अधि0 व धारा 419/420/468/471/272 भादवि पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा सम्भावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-

1.रंजीत पुत्र जयवीर यादव उम्र 45 वर्ष नि0 खेरीएमा थाना एका फिरोजाबाद।

2. दीपू पुत्र रंजीत सिंह राठौर उम्र 18 वर्ष नि0 खेरीएमा थाना एका फिरोजाबाद।

3.भूरे पुत्र नत्थू सिंह राठौर उम्र 55 नि0 थरौआ थाना एका फिरोजाबाद।

फरारः-

1.प्रवीण पुत्र करनपाल नि0 मोहब्बतपुर थाना निधौली कला जनपद एटा हाल निवासी अवागढ ,एटा।

2. प्रमोद यादव पुत्र नामालूम (प्रधान प्रत्याशी) नगला सागर थाना एका जनपद फिरोजाबाद

बरामदगी का विवरणः-

➢	ENA	375 लीटर
➢	यूरिया	70 बोरी
➢	रंग उत्पन्न करने वाले कैमीकल	10 लीटर

➢	ढक्कन	लगभग 2000 अदद ।
➢	खाली क्वार्टर	लगभग 2000 अदद ।
➢	भरे हुए क्वार्टर	लगभग 400 अदद ।
➢	फाइटर ब्रांड देशी शराब	10 पेटी ।
➢	स्कॉर्पियो गाडी	01 बिना नम्बर की
➢	मोटरसाइकिल	03 अदद ।
➢	मौहरें	44 अदद ।
➢	अवैध शराब बनाने हेतु प्रयुक्त होंने वाले तमाम अन्य उपकरण ।	

<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम</u>:-

1.एसओ श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा थानाध्यक्ष थाना एका जनपद फिरोजाबाद ।

2.उ0नि0श्री सत्यप्रकाश थाना एका जनपद फिरोजाबाद ।

3.उ0नि0 सोमिल राठी थाना एका जनपद फिरोजाबाद ।

4.उ0नि0 मुकेश कुमार रावत थाना एका जनपद फिरोजाबाद ।

5.उ0नि0 सैलेश निगम थाना एका जनपद फिरोजाबाद ।

6.का0 363 देवेन्द्र कुमार थाना एका जनपद फिरोजाबाद ।

7.का0 409 योगेश कुमार थाना एका जनपद फिरोजाबाद ।

8.का0 1106 आशीष कुमार थाना एका जनपद फिरोजाबाद ।

9.का0 703 सुनील कुमार थाना एका जनपद फिरोजाबाद ।